

# जैन साहित्य एवं मंदिर उपकरण





हमारे यहाँ सभी प्रकार का दिगंबर जैन एवं भारत के सभी प्रमुख
धार्मिक संस्थानों का सत साहित्य एवं मंदिर में उपयोग हेतु उपकरण
और प्रभावना में बाटने योग्य सामग्री सीमित मूल्य पर उपलब्ध है



(पांडुशिला ,सिंघासन, छत्र, चवर प्रातिहार्य,जाप माला ,मंगल कलश, पूजा बर्तन ,चंदोवा,तोरण ,झारी ,

## (शुद्ध चांदी के उपकरण आर्डर पर निर्मित किया जाता है )



## नोट:-हमारे यहाँ घरो में उपयोग हेतु ,साधुओ के उपयोग हेतु ,
## अनुष्ठानों में उपयोग हेतु शुद्ध घी भी आर्डर पर
## उपलब्ध कराया जाता है









SOURABH KUMAR JAIN
9993602663
77229 83010
SOURABHJN1989@GMAIL.COM



जैं

# श्री भक्तामर विधान

-: आशीर्वाद :-

अध्यात्म सरोवर के राजहंस

परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

-: रचयित्री :-

आर्यिका रत्न 105 श्री पूर्णमति माता जी

# मंगलाष्टक

अर्हन्तो भगवन्त इन्द्रमहिताः, सिद्धाश्च सिद्धीश्वराः,
आचार्या जिनशासनोन्नतिकराः, पूज्या उपाध्यायकाः।
श्रीसिद्धान्त-सुपाठका मुनिवराः, रत्नत्रयाराधकाः
पञ्चैते परमेष्ठिनः प्रतिदिनं, कुर्वन्तु ते (मे) मंगलम्।।1।।

श्रीमन्नम्र- सुरासुरेन्द्र- मुकुट-, प्रद्योत- रत्नप्रभा-,
भास्वत्पादनखेन्दवः प्रवचनाम्भोधीन्दवः स्थायिनः।
ये सर्वे जिन- सिद्ध- सूर्यनुगतास्ते पाठकाः साधवः,
स्तुत्या योगिजनैश्च पञ्चगुरवः, कुर्वन्तु ते (मे) मंगलम्।।2।।

सम्यग्दर्शन- बोध- वृत्तममलं, रत्नत्रयं पावनं,
मुक्ति श्री- नगराधिनाथ- जिनपत्युक्तोऽपवर्गप्रदः।
धर्मः सूक्तिसुधा च चैत्यमखिलं चैत्यालयं श्र्यालयं
प्रोक्तं च त्रिविधं चतुर्विधममी कुर्वन्तु ते (मे) मंगलम्।।3।।

नाभेयादिजिनाः प्रशस्त- वदनाः ख्याताश्चतुर्विंशतिः,
श्रीमन्तो भरतेश्वर-प्रभृतयो ये चक्रिणो द्वादश।
ये विष्णु- प्रतिविष्णु- लांगलधराः सप्तोत्तरा विंशतिः,
त्रैकाल्ये प्रथितास्त्रिषष्टि- पुरुषाः कुर्वन्तु ते (मे)मंगलम्।।4।।

ये सर्वौषधि- ऋद्धयः श्रुततपो, वृद्धिंगताः पंच ये,
ये चाष्टांग-महानिमित्त-कुशलाश्चाष्टौ वियच्चारिणः।
पञ्चज्ञानधरास्त्रयोऽपि बलिनो, ये बुद्धिऋद्धीश्वराः,
सप्तैते सकलार्चिता गणभृतः कुर्वन्तु ते (मे)मंगलम्।।5।।

ज्योतिर्व्यन्तर- भावनामरगृहे मेरौ कुलाद्रौ स्थिताः,
जम्बूशाल्मलि- चैत्यशाखिषु तथा वक्षार रूप्याद्रिषु।

इक्ष्वाकार- गिरौ च कुण्डल- नगे द्वीपे च नन्दीश्वरे,
शैले ये मनुजोत्तरे जिन-गृहाः कुर्वन्तु ते (मे) मंगलम्।।6।।

कैलासे वृषभस्य निर्वृतिमही, वीरस्य पावापुरे,
चम्पायां वसुपूज्य- सज्जिनपतेः, सम्मेद- शैलेऽर्हताम्।
शेषाणामपि चोर्जयन्त-शिखरे, नेमीश्वरस्यार्हतो,
निर्वाणावनयः प्रसिद्ध विभवाः,कुर्वन्ते ते (मे) मंगलम्।।7।।

सर्पो हारलता भवत्यसिलता सत्पुष्पदामायते,
सम्पद्येत रसायनं विषमपि प्रीतिं विधत्ते रिपुः।
देवा यान्ति वशं प्रसन्नमनसः किं वा बहु ब्रूमहे,
धर्मादेव नभोऽपि वर्षति नगैः, कुर्वन्तु ते (मे) मंगलम्।।8।।

यो गर्भावतरोत्सवो भगवतां जन्माभिषेकोत्सवो,
यो जातः परिनिष्क्रमेण विभवो यः केवलज्ञानभाक्।
यः कैवल्यपुर- प्रवेश- महिमा सम्पादितः स्वर्गिभिः,
कल्याणानि च तानि पंच सततं, कुर्वन्तु ते (मे) मंगलम्।।9।।

इत्थं श्रीजिन- मंगलाष्टकमिदं, सौभाग्य- सम्पत्करम्,
कल्याणेषु महोत्सवेषु सुधियस्तीर्थंकराणामुषः।
ये श्रृण्वन्ति पठन्ति तैश्च सुजनै- धर्मार्थ- कामान्विता,
लक्ष्मीराश्रयते व्यपाय- रहिता निर्वाण- लक्ष्मीरपि।।10।।

।।इति श्री मंगलाष्टक स्तोत्रम्।।

विद्यासागर-विश्व-वन्द्य-श्रमणं, भक्त्या सदा संस्तुवे,
सर्वोच्चं यमिनं विनम्य परमं, सर्वार्थ-सिद्धि-प्रदम्।।
...न-ध्यान-तपोभिरक्त मुनिपं, विश्वस्य विश्वाश्रयं।
...ारं श्रमणं विशाल हृदयं, सत्यं शिवं सुन्दरम्।।

## विनय पाठ

इह विधि ठाड़ो होय के, प्रथम पढ़े जो पाठ।
धन्य जिनेश्वर देव तुम, नाशे कर्म जु आठ।।1।।

अनन्त चतुष्टय के धनी,तुम ही हो सिरताज
मुक्ति-वधू के कन्त तुम, तीन भुवन के राज।।2।।

तिहुँ जग की पीड़ा हरन, भवदधि- शोषणहार।
ज्ञायक हो तुम विश्व के, शिवसुख के करतार।।3।।

हरता अघ अंधियार के, करता धर्म-प्रकाश।
थिरता-पद दातार हो, धरता निज गुण रास।।4।।

धर्मामृत उर जलधि सों, ज्ञानभानु तुम रूप।
तुमरे चरण-सरोज को,नावत तिहुँ जग भूप।।5।।

मैं वन्दों जिनदेव को, करि अति निरमल भाव।
कर्म-बन्ध के छेदने, और न कछु उपाव।।6।।

भविजन को भव-कूप तें, तुम ही काढ़नहार।
दीन-दयाल अनाथ-पति, आतम गुण भण्डार।।7।।

चिदानन्द निर्मल कियो, धोय कर्म-रज मैल।
सरल करी या जगत में,भविजन को शिवगैल।।8।।

तुम पद-पङ्कज पूजतैं, विघ्न-रोग टर जाय।
शत्रु मित्रता को धरैं, विष निरविषता थाय।।9।।

चक्री खगधर इन्द्र पद, मिलें आपतें आप।
अनुक्रम करि शिवपद लहें,नेम सकल हनि पाप।।10।।

तुम बिन मैं व्याकुल भयो, जैसे जल बिन मीन।
जन्म-जरा मेरी हरो, करो मोहि स्वाधीन।।11।।

पतित बहुत पावन किये, गिनती कौन करेव।
अञ्जन से तारे कुधी,जय जय जय जिनदेव।।12।।

थकी नाव भवदधि विषैं, तुम प्रभु पार करेव।
खेवटिया तुम हो प्रभु, जय-जय जय जिनदेव।।13।।

राग सहित जग में रुल्यो, मिले सरागी देव।
वीतराग भेट्यो अबै, मेटो राग कुटेव।।14।।

कित निगोद कित नारकी, कित तिर्यञ्च अज्ञान।
आज धन्य मानुष भयो, पायो जिनवर थान।।15।।

तुमको पूजें सुरपति, अहिपति नरपति देव।
धन्य भाग्य मेरो भयो, करन लग्यो तुम सेव।।16।।

अशरण के तुम शरण हो, निराधार आधार।
मैं डूबत भव सिन्धु में, खेव लगाओ पार।।17।।

इन्द्रादिक गणपति थके, कर विनती भगवान।
अपनो विरद निहारिकैं, कीजे आप समान।।18।।

तुमरी नेक सुदृष्टि तें, जग उतरत है पार।
हा हा डूब्यो जात हों, नेक निहार निकार।।19।।

जो मैं कह हूँ और सों, तो न मिटे उरझार।
मेरी तो तोसों बनी, यातैं करौं पुकार।।20।।

वन्दों पाँचों परमगुरु सुरगुरु वन्दत जास।
विघनहरन मङ्गलकरन, पूरन परम प्रकाश।।21।।

चौबीसों जिनपद नमों, नमों शारदा माय।
शिवमग साधक साधु नमि, रच्यो पाठ सुखदाय।।22।।

मङ्गल मूरत परम पद, पञ्च धरो नित ध्यान।
हरो अमङ्गल विश्व का, मङ्गलमय भगवान।।23।।

मङ्गल जिनवर पद नमों, मङ्गल अर्हन्त देव।
मङ्गलकारी सिद्ध पद, सो वन्दौं स्वयमेव।।24।।

मङ्गल आचारज मुनि, मङ्गल गुरु उवज्झाय।
सर्व साधु मङ्गल करो, वन्दौं मन-वच-काय।।25।।

मङ्गल सरस्वती मात का, मङ्गल जिनवर धर्म।
मङ्गलमय मङ्गल करो, हरो असाता कर्म।।26।।

या विधि मङ्गल से सदा, जग में मङ्गल होत।
मङ्गल 'नाथूराम' यह भव, सागर दृढ़ पोत।।27।।

## नित्य पूजा पीठिका

ॐ जय जय जय नमोऽस्तु, नमोऽस्तु, नमोऽस्तु
णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।

ॐ ह्रीं अनादिमूलमन्त्रेभ्यो नमः ( पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि)

चत्तारि मंगलं अरिहंता मंगलं सिद्धा मंगलं साहू मंगलं केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा अरिहंता लोगुत्तमा सिद्धा लोगुत्तमा साहू लोगुत्तमा केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि अरिहंते सरणं पव्वज्जामि सिद्धे सरणं पव्वज्जामि साहू सरणं पव्वज्जामि केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।

ॐ नमोऽर्हते स्वाहा (पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि)

अपवित्रः पवित्रो वा, सुस्थितो दुःस्थितोऽपि वा।
ध्यायेत्पञ्च-नमस्कारं, सर्वपापैः प्रमुच्यते।।1।।
अपवित्रः पवित्रो वा, सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत्परमात्मानं, स बाह्याभ्यन्तरे शुचिः।।2।।
अपराजितमंत्रोऽयं, सर्व-विघ्नविनाशनः।
मङ्गलेषु च सर्वेषु, प्रथमं मङ्गलं मतः।।3।।
एसो पंच-णमोयारो,सव्वपावप्पणासणो।
मङ्गलाणं च सव्वेसिं, पढमं होइ मङ्गलं।।4।।
अर्हमित्यक्षरं ब्रह्मवाचकं परमेष्ठिनः।
सिद्धचक्रस्य सद्बीजं, सर्वतः प्रणमाम्यहम्।।5।।
कर्माष्टक- विनिर्मुक्तं, मोक्षलक्ष्मीनिकेतनम्।
सम्यक्त्वादिगुणोपेतं, सिद्धचक्रं नमाम्यहम्।।6।।
विघ्नौघाः प्रलयं यान्ति, शाकिनीभूतपन्नगाः।
विषं निर्विषतां याति, स्तूयमाने जिनेश्वरे।।7।।

( पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि )

## पञ्चकल्याणक अर्घ्य

उदक-चन्दन-तण्डुल पुष्पकैश्-चरु-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः।
धवलमङ्गलगान-रवाकुले, जिनगृहे कल्याणमहं यजे।।1।।
ॐ ह्रीं भगवतो गर्भजन्मतपज्ञाननिर्वाण पञ्चकल्याणकेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

## पञ्चपरमेष्ठी का अर्घ्य

उदक-चन्दन-तण्डुल पुष्पकैश्-चरु-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः।
धवलमङ्गलगान-रवाकुले, जिनगृहे जिननाथमहं यजे।।2।।
ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।

## जिनसहस्रनाम अर्घ्य

उदक-चन्दन-तण्डुल पुष्पकैश्-चरु-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः।
धवलमङ्गलगान-रवाकुले, जिनगृहे जिननाममहं यजे।।3।।
ॐ ह्रीं श्रीभगवज्जिनाष्टोत्तरंसहस्त्रनामेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

## जिनवाणी का अर्घ्य

उदक-चन्दन-तण्डुल पुष्पकैश्-चरु-सुदीप-सुधूप-फलार्घ्यकैः।
धवलमङ्गलगान-रवाकुले, जिनगृहे जिनसूत्रमहं यजे।।4।।
ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि तत्त्वार्थसूत्र-दशाध्याय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

## पूजा प्रतिज्ञा पाठ

श्रीमज्जिनेन्द्रमभिवन्द्य जगत्त्रयेशं।
स्याद्वादनायक मनन्तचतुष्टयार्हम्।।
श्रीमूलसंघसुदृशां सुकृतैकहेतुर्।
जैनेन्द्रयज्ञविधिरेष मयाऽभ्यधायि।।1।।

स्वस्ति त्रिलोकगुरवे जिनपुङ्गवाय।
स्वस्ति स्वभावमहिमोदयसुस्थिताय।।
स्वस्ति प्रकाश सहजोर्ज्जितदृङ्मयाय।
स्वस्ति प्रसन्नललिताद्भुत वैभवाय।।2।।

स्वस्त्युच्छलद्विमलबोधसुधाप्लवाय।
स्वस्ति स्वभाव परभाव-विभासकाय।।

स्वस्ति त्रिलोकविततैकचिदुद्‌गमाय।
स्वस्ति त्रिकाल-सकलायत-विस्तृताय।।3।।

द्रव्यस्य शुद्धिमधिगम्य यथानुरूपं।
भावस्य शुद्धिमधिकामधिगन्तुकामः।।
आलम्बनानि विविधान्यवलम्ब्यवल्गन्।
भूतार्थयज्ञपुरुषस्य करोमि यज्ञम्।।4।।

अर्हन् पुराणपुरुषोत्तमपावनानि।
वस्तून्यनूनमखिलान्ययमेक एव।।
अस्मिञ्ज्वलद्विमल -केवलबोधवह्नौ।
पुण्यं समग्रमहमेकमना जुहोमि।।5।।

ॐ विधियज्ञप्रतिज्ञानाय जिनप्रतिमाग्रे पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।

## स्वस्ति-मंगल

श्रीवृषभो नः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअजितः।
श्रीसंभवः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअभिनन्दनः।
श्रीसुमतिः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीपद्मप्रभः।
श्रीसुपार्श्वः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीचन्द्रप्रभः।
श्रीपुष्पदन्तः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीशीतलः।
श्रीश्रेयान् स्वस्ति, स्वस्ति श्रीवासुपूज्यः।
श्रीविमलः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअनन्तः।
श्रीधर्मःस्वस्ति, स्वस्ति श्रीशान्तिः।
श्रीकुन्थुः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीअरनाथः।
श्रीमल्लिः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीमुनिसुव्रतः।
श्रीनमिः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीनेमिनाथः।
श्रीपार्श्वः स्वस्ति, स्वस्ति श्रीवर्द्धमानः।

(पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि)

## परमर्षि स्वस्ति मङ्गल पाठ

(प्रत्येक श्लोक के अन्त में पुष्पाञ्जलि क्षेपण करें)

नित्याप्रकम्पाद्भुतकेवलौघाः, स्फुरन्मनः पर्ययशुद्धबोधाः।
दिव्यावधि-ज्ञानबलप्रबोधाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।

कोष्ठस्थ-धान्योपममेक-बीजं, संभिन्न-संश्रोतृपदानुसारि।
चतुर्विधं बुद्धिबलं दधानाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।

संस्पर्शनं संश्रवणं च दूरादास्वादन-घ्राण- विलोकनानि।
दिव्यान्मतिज्ञानबलाद्वहंतः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।

प्रज्ञा-प्रधानाः श्रमणाः समृद्धाः, प्रत्येक-बुद्धाः दशसर्वपूर्वैः।
प्रवादिनोऽष्टाङ्गनिमित्तविज्ञाः,स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।

जंघानलश्रेणि-फलाम्बु-तन्तु, प्रसून-बीजाङ्कुर-चारणाह्वाः।
नभोऽङ्गणस्वैरविहारिणश्च, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।

अणिम्नि दक्षाकुशला महिम्नि, लघिम्निशक्ताः कृतिनो गरिम्णि।
मनो-वपु-र्वाग्बलिनश्च नित्यं, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।

सकामरूपित्ववशित्वमैश्यं, प्राकाम्यमन्तर्द्धिमथाप्तिमाप्ताः।
तथाऽप्रतीघातगुणप्रधानाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।

दीप्तं च तप्तं च तथा महोग्रं, घोरं तपो घोर-पराक्रमस्थाः।
ब्रह्मापरं घोरगुणाश्चरन्तः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।

आमर्ष-सर्वौषधयस्तथाशीर्विषाविषा दृष्टिविषाविषाश्च।
सखिल्लविड्जल्लमलौषधीशाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।

क्षीरं स्रवंतोऽत्र घृतं स्रवंतो, मधुस्रवंतोऽप्यमृतं स्रवंतः।
अक्षीणसंवासमहानसाश्च, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।।

( इति परमर्षिस्वस्तिमङ्गलविधानं परिपुष्पाञ्जलिं क्षिपामि )

# नवदेवता पूजन

## स्थापना

(गीता छंद)

अरि चार घाति विनाश कर, अरहंत पद को पा लिया।
पुरुषार्थ प्रबल किया प्रभो, मुक्तीरमा को वर लिया।।
अरहंत पथ पर चल रहे, आचार्य पद वंदन करूँ।
उवज्झाय साधु श्रेष्ठ पद का, भक्ति से अर्चन करूँ ।।1।।
जिन धर्म आगम चैत्य चैत्यालय शरण को पा लिया।
भव सिंधु पार उतारने, नौका सहारा ले लिया।।
यह भावना मेरी प्रभो, मम ज्ञान महल पधारिये।
निज सम बना लीजे मुझे, जिन राज पदवी दीजिये।।2।।

-:: दोहा ::-

सुख दाता नव देवता, तिष्ठो हृदय मँझार।
भावों से आह्वान करूँ, करो भवोदधि पार।।3।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु जिनधर्मजिनागम जिनचैत्यचैत्यालयसमूह ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम् ।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु जिनधर्मजिनागम जिनचैत्यचैत्यालयसमूह ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम् ।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु जिनधर्मजिनागम जिनचैत्य चैत्यालयसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम् ।

## द्रव्यार्पण

(तर्ज - माता तू दया करके .....)

जिनको अपना माना, उनसे ही दुख पाया।
फिर भी क्यों राग किया, यह समझ नहीं आया।।
यह राग की आग मिटे, ऐसा जल दो स्वामी ।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी ।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म जिनागमजिनचैत्य चैत्यालयेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं....।

प्रभो ! काल अनादि से, भव का संताप सहा।
अब सहा नहीं जाता, यह मेटो द्वेष महा।।
इस द्वेष की ज्वाला को, अब शांत करो स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।2।।

ॐ ह्रीं नवदेवेभ्यो भवातापविनाशनाय चंदनं....।

जिसको मैंने चाहा, सब नश्वर है माया।
जिस तन में हूँ रहता, क्षणभंगुर वह काया।।
क्षत विक्षत जग सारा, अब जाऊँ कहाँ स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।3।।

ॐ ह्रीं नवदेवेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्....।

इस काम लुटेरे ने, आतम धन लूट लिया।
मैं मौन खड़ा निर्बल, बस तेरा शरण लिया।।
विश्वास मुझे तुम पर, आतम बल दो स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।4।।

ॐ ह्रीं नवदेवेभ्यः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं....।

इस क्षुधा रोग से मैं, प्रभुवर लाचार रहा।
व्यंजन की औषध खा, ना कुछ उपचार हुआ।।
प्रभु तू ही सहारा है, यह रोग नशें स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।5।।

ॐ ह्रीं नवदेवेभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं....।

पर तत्त्व प्रशंसा में , महिमा पर की आयी।
नर तन में रहकर भी, निज की ना सुध आयी।।
अब ज्ञान ज्योति प्रगटे, आशीष मिले स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।6।।

ॐ ह्रीं नवदेवेभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं....।

कर्मों की आँधी में, चेतन गृह बिखर गया।
आया अब दर तेरे, निज आतम निखर गया।।
शुभ ध्यान अनल में ही, वसु कर्म जले स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।7।।

ॐ ह्रीं नवदेवेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं....।

पापों का बीज बोया, कैसे शिव फल पाऊँ।
तप धारूँ कर्म नशें, तब सिद्धालय पाऊँ।।
मुझे पास बुला लेना, यह अरज सुनो स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।8।।

ॐ ह्रीं नवदेवेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं....।

वसु कर्मों ने मिलकर, दिन-रात जलाया है।
गुरुदेव कृपा पाकर, यह अर्घ्य बनाया है।।
यह पद अनर्घ्य अनमोल, हो प्राप्त मुझे स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।9।।

ॐ ह्रीं नवदेवेभ्योऽनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं....।

-:: जाप्य ::-

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्म-जिनागम-जिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः।

## जयमाला

-:: दोहा ::-

नव देवों की भक्ति से, सब अरिष्ट नश जाय।
आत्म सिद्धि को प्राप्त कर, अष्टम वसुधा पाय।।1।।

-:: चौपाई ::-

जय अरहंत देव जिनराई, तीन लोक में महिमा छाई।
घाति कर्म चउ नाश किये हैं, भव्य जनों में वास किये हैं ।।2।।

दोष अठारह दूर किये हैं, छयालीस गुण पूर्ण हुये हैं।
समवसरण के बीच विराजे, तीर्थंकर पद महिमा राजे ।।3।।

क्षणभंगुर सारा जग जाना, जड़ चेतन को भिन्न पिछाना।
कल्याणक सब पंच मनाये, देव इंद्र हर्षित गुण गाये।।4।।

प्रभो! आपने प्रभुता पायी, दो हमको समता सुखदायी।
दुष्ट करम ने मुझको घेरा, निज स्वभाव से मुख को फेरा।।5।।

प्रभो! आप सिद्धालय वासी, दर-दर भटका मैं जगवासी।
अब निज भूल समझ में आई, सिद्धदशा ही मन में भाई।।6।।

करो नमन स्वीकार हमारा, भव सागर से करो किनारा।
कर्म भँवर में मेरी नैया, गुरुवर तुम बिन कौन खिवैया।।7।।

गुण छत्तीस मुनीश्वर धारे, इस कलयुग में आप सहारे।
दीक्षा देकर राह दिखाते, खुद चलते चलना सिखलाते।।8।।

उपाध्याय पद है तम नाशे, गुण पच्चीस ज्ञान परकासे।
अट्ठाईस गुणों के धारी, साधू पद की महिमा भारी।।9।।

श्री जिनधर्म अहिंसा प्यारा, गूँज उठा है जग में नारा।
आगम आतम बोध कराता, फिर चेतन का शोध कराता।।10।।

जिनने आगम को अपनाया, अहो भाग्य तुम सा पद पाया।
अनेकांत मय धर्म सहारा, द्वादशांग को नमन हमारा।।11।।

कर्मनिकाचित् निधत्ति विनाशे, बिम्ब जिनेश्वर आत्म प्रकाशे।
निज स्वरूप का बोध कराती, जिन सम जिन मूरत कहलाती।।12।।

जो जन नित जिन मंदिर जावे, पाप नशे औ पुण्य बढ़ावे।
परमातम का ध्यान लगावे, शुद्ध होय मुक्तीपुर जावे।।13।।

नव देवों को शीश झुकाऊँ, गुण गाऊँ और ध्यान लगाऊँ।
रहूँ सदा मैं प्रभुवर चरणा, भव-भव मिले आपकी शरणा।।14।।

-:: दोहा ::-

पूर्व पुण्य से हो रहा, नव देवों का दर्श।
अल्प बुद्धि कैसे लहे, अनंत गुण का स्पर्श ।।15।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य- चैत्यालयेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं ....।

-:: घत्ता ::-

प्रभुवर को पूजे, शिवपथ सूझे, भव-भव का संताप हरो।
नित पूज रचाऊँ, ध्यान लगाऊँ, 'विद्यासागर पूर्ण' करो।।

।।इत्याशीर्वादः।।

ॐ

# मंगलाचरण

दोहा

आदिनाथ जिन चरण में, जो रखता निज माथ।
भक्त अमर पद प्राप्त कर, बनता निज का नाथ।।

ज्ञानोदय छंद

सर्व स्तोत्र में अतिशयकारी, महिमाशाली स्तोत्र महा।
सब दुखों का नाशनहारा, संकटहारक स्तवन रहा।।

इसका हर इक श्लोक स्वयं ही, मंत्र रूप ही माना है।
जिसने इसको पढ़ा भक्ति से, भगवत् पद पहचाना है।।

मानतुंग आचार्य गणी ने, बंधन से मुक्ति पाई।
टूट गए अड़तालिस ताले, जनता सारी हरषाई।।

भक्तामर पावन विधान से, सर्व कष्ट मिट जाते हैं।
तन-मन या चेतन के दुख हो, पढ़ते ही नश जाते हैं।।

इस विधान में आदिप्रभु के, गुण की महिमा गाई है।
अनुपम प्रभु को उपमा देकर, भक्ति ज्योति जलाई है।।

अष्ट प्रातिहार्यों का वर्णन, अतिशय सुख को देता है।
सर्व भयों से विमुक्त होकर, भक्त अभय हो जाता है।।

रोग और बंधन को क्षयकर, सम्मानित पद पाता है।
अजर अमर अविनाशी होकर, निज पद में रम जाता है।।

# श्री भक्तामर विधान प्रारंभ

## स्थापना

### ज्ञानोदय छंद

विश्ववंद्य श्री प्रथम तीर्थंकर, वृषभनाथ को वंदन है।
नाभिराय के राजदुलारे, मरुदेवी के नंदन हैं।।
भवसमुद्र में पतित जनों के, आप मिटाते हो क्रंदन।
मन-वच-काया से करता हूँ, त्रिभुवनपति का अभिनंदन।।1।।
नाथ आगमन की बेला में, पलक पावड़े बिछा दिये।
कब आओगे मन मंदिर में, नयन दरश बिन तरस गये।।
हूँ अधीर प्रभु तड़प रहा मैं, तुम बिन ना रह पाऊँगा।
अपने उर के सिंहासन पर, नाथ तुम्हें पधराऊँगा।।2।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं महाबीजाक्षरसम्पन्न श्रीवृषभजिनेन्द्रदेव! मम हृदये अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं महाबीजाक्षरसम्पन्न श्रीवृषभजिनेन्द्रदेव! मम हृदये अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं महाबीजाक्षरसम्पन्न श्रीवृषभजिनेन्द्रदेव! मम हृदये अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

## द्रव्यार्पण

### ज्ञानोदय छंद

प्रभु भक्ति वश भक्त नयन से,झर-झर पावन नीर झरे।
प्रभु चरणों के प्रभाव द्वारा, जनम-जनम की पीर हरे।।
आदिनाथ की दिव्यध्वनि का, परमामृत मैं पा जाऊँ।
जन्म जरा मृत नाश हेतु मैं, जिन चरणों को नित ध्याऊँ।।
अजर-अमर पदधारी स्वामी, भवसागर से पार करो।
शरणागत के तारणहारे, मेरा भी उद्धार करो।।
आदिनाथ के चरण युगल में, श्रद्धा का जल अर्पण है।
भक्तामर में मानतुंग मुनि, करते प्रभु पद वंदन है।।1।।

ॐ ह्रीं परमशांति विधायकाय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं...।

नंत काल मम ग्रीष्मकाल सम, कर्म ताप में बीत गया।
शीतलता की आशा में ही, सारा जीवन रीत गया।।
द्वेष दाह को पूर्ण नष्टकर, शाश्वत शीतलता पाई।
नाथ आपके निज स्वभाव में, पावन समरसता आई।।
मलयाचल के चंदन तरु से, ज्यों सुगंध महकाती है।
प्रभु के नंत गुणों की खुशबू, भव आताप मिटाती है।।
आदिनाथ के चरण युगल में, भक्ती चंदन अर्पण है।
भक्तामर में मानतुंग मुनि, करते प्रभु पद वंदन है।।2।।

ॐ ह्रीं परमशांति विधायकाय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय भवातापविनाशनाय चंदनं...।

चंद्र चाँदनी सा उज्ज्वल प्रभु, आभामंडल दमक रहा।
समवसरण में परम प्रतापी, कोटि सूर्य सम चमक रहा।।
भवकानन में भटक गया था, दिव्य तेज लख ठहर गया।
अक्षय पदधारी प्रभु को लख, श्रद्धा का ध्वज फहर गया।।
भवसागर से पार उतरने, प्रभु ही एक सहारा है।
दर्श आपका जबसे पाया, चमका भाग्य सितारा है।।
आदिनाथ के चरण युगल में, अखंड अक्षत अर्पण है।
भक्तामर में मानतुंग मुनि, करते प्रभु पद वंदन है।।3।।

ॐ ह्रीं परमशांति विधायकाय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्...।

नाथ आप निज गुणोद्यान में, विचरण करते रहते हो।
भव्यजनों को शील सुगंधि, नित्य लुटाते रहते हो।।
ब्रह्म रूप की यश कांति लख, कामदेव भी भाग गया।
सहस्र अठरह शील गुणों ने, नाथ आपमें वास किया।।
ज्ञान पुष्प मुरझाया मेरा, पुष्पित करने आया हूँ।
सूख गई है विराग बगिया, सिंचित करने आया हूँ।।
आदिनाथ के चरण युगल में, हृदय पुष्प मम अर्पण है।
भक्तामर में मानतुंग मुनि, करते प्रभु पद वंदन है।।4।।

ॐ ह्रीं परमशांति विधायकाय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं...।

तृष्णा किञ्चित् नहीं आपमें, निर्विकार परमेश्वर हो।
तन के कारण इच्छा होती, आप विदेही जिनवर हो।।
क्षुधा तृषादिक दोष विजेता, परम वैद्य कहलाते हो।
शरणागत के जनम-जनम के, सारे रोग मिटाते हो।।
नंत काल उपरांत आज मैं, द्वार आपके आया हूँ।
करुणाकर करुणा बरसाओ, क्षुधा मेटने आया हूँ।।
आदिनाथ के चरण युगल में, भावों से चरु अर्पण है।
भक्तामर में मानतुंग मुनि, करते प्रभु पद वंदन है।।5।।

ॐ ह्रीं परमशांति विधायकाय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं...।

ज्ञानावरण क्षयंकर भगवन्, कहलाए केवलज्ञानी।
कोटि सूर्य सम दिव्य प्रकाशी, जन-जन के अंतर्यामी।।
नाथ आपके चिन्मय गृह में, ज्ञानदीप नित जलते हैं।
प्रलयंकारी तूफां से भी, कभी नहीं ये बुझते हैं।।
मेरे गृह में युगों-युगों से, घोर अँधेरा छाया है।
सुप्रभात के लिए दास यह, द्वार आपके आया है।।
आदिनाथ के चरण युगल में, भक्ती दीप समर्पण है।
भक्तामर में मानतुंग मुनि, करते प्रभु पद वंदन है।।6।।

ॐ ह्रीं परमशांति विधायकाय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं...।

कर्म विमुक्त जिनेश्वर मेरे, सिद्धालय में राजित हो।
स्वतंत्र हो निज गृह में रहते, आप सदा आनंदित हो।।
निज आतम को मैंने भगवन्, नंत काल से दुखी किया।
अतः कर्म से दुखी हुआ मैं, भव-भव में परिभ्रमण किया।।
स्वयं कर्म को आमंत्रण दे, नाथ आज पछताता हूँ।
अंतर में दिन-रात प्रभु जी, एक अकेला जलता हूँ।।
आदिनाथ के चरण युगल में, श्रद्धा धूप समर्पण है।
भक्तामर में मानतुंग मुनि, करते प्रभु पद वंदन है।।7।।

ॐ ह्रीं परमशांति विधायकाय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं...।

धन्य-धन्य हे नाथ आपने, कर्म बीज को जला दिया।
जले बीज से वृक्ष न उगता, सारे जग को बता दिया।।
समकित मूल ज्ञान की शाखा, चारित के शुभ पत्र उगे।
रत्नत्रय तरुवर पर शिवफल, बहुत घने रस भरें लगे।।
कर्म फलों के कटुक स्वाद को, भोग-भोग शर्मिंदा हूँ।
मुक्तीफल पाने तव पद में, आया एक परिंदा हूँ।।
आदिनाथ के चरण युगल में, निष्ठा का फल अर्पण है।
भक्तामर में मानतुंग मुनि, करते प्रभु पद वंदन है।।8।।

ॐ ह्रीं परमशांति विधायकाय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं...।

मोह वशी हो नश्वर पद में, मेरा चित्त लुभाया है।
जग के पद मद के कारण है, हाथ नहीं कुछ आया है।।
पर पद से संबंध तोड़ प्रभु, शुद्धातम को चाह लिया।
प्रथम तीर्थंकर पावन पद को, युगादि में ही प्राप्त किया।।
मोक्ष परम पद पाने की मैं, आशा लेकर आया हूँ।
अनर्घ्य पदधारी प्रभु पद में, भाव संजोकर लाया हूँ।।
आदिनाथ के चरण युगल में, पावन अर्घ्य समर्पण है।
भक्तामर में मानतुंग मुनि, करते प्रभु पद वंदन है।।9।।

ॐ ह्रीं परमशांति विधायकाय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं...।

## पंच कल्याणक

### ज्ञानोदय छंद

तज सर्वार्थसिद्धि प्रभु आये, पावन नगर अयोध्या में।
गर्भ समय पर पिछली निशि में, सपने देखे माता ने।।
दूज कृष्ण आषाढ़ मास में, धरती भी यह रम्य हुई।
देव रत्न बरसाते नभ से, माँ मरुदेवी धन्य हुई।।1।।

ॐ ह्रीं आषाढ़कृष्णद्वितीयायां गर्भमंगलमंडिताय श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

चैत कृष्ण नवमीं के दिन जब, आदिप्रभु ने जन्म लिया।
सुमेरु पर ले जा सुरेन्द्र ने, क्षीरोदधि से न्हवन किया।।
नाभिराय पितु हर्षित होकर, लुटा रहे हीरे मोती।
नगरी में जयकारे गूँजे, जली धर्म की तब ज्योति।।2।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णनवम्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

जन्म कल्याणक के अवसर पर,नृत्य देख नीलांजन का।
जन्म खुशी संयम में बदली, दृश्य देख परिवर्तन का।।
चैत कृष्ण नवमीं के दिन प्रभु, पंचमुष्टि कचलोंच किया।
लौकांतिक देवों ने आकर, वंदन कर गुणगान किया।।3।।

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णनवम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

फाल्गुन कृष्णा ग्यारस को प्रभु,चार घाति का नाश किया।
समवसरण में सब जीवों को, सप्त तत्त्व उपदेश दिया।।
केवलज्ञानी कल्पतरु सम, भविजन मनवांछित पाते।
असंख्यात भवि जीव वहाँ पर, सम्यग्दर्शन पा जाते।।4।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णएकादश्यां केवलज्ञानप्राप्ताय श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

माघ वदी चौदस को प्रभु ने, आठों कर्म विनाश किये।
श्री कैलाशगिरि से स्वामी, मुक्तिरमा को प्राप्त किये।।
ज्यों कपूर उड़ जाता है त्यों,प्रभु का तन भी विनश गया।
चउ निकाय देवों ने आकर, मोक्ष कल्याणक मना लिया।।5।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णचतुर्दश्यां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं...।

## अष्टदल कमल पूजा

विष्णुपद छंद (तर्ज - कहाँ गये चक्री...)

### जिनपद वंदन

भक्तामर- प्रणत- मौलि- मणि- प्रभाणा-,
मुद्योतकं- दलित-पाप- तमो- वितानम्।

सम्यक्-प्रणम्य- जिन-पाद- युगं- युगादा-,
वालम्बनं भवजले पततां जनानाम्।।1।।
भक्त अमर तत्त्वज्ञ नम्र हो प्रभु पद नमन करे।
समकित आदि गुणमणि की द्युति तेज महंत धरे।।
गहन पाप तमपुंज विनाशक जिनके चरण महान।
युगादि में अवतरित तीर्थंकर आदि जिनेश प्रणाम।।
भवसागर में पतित जनों को प्रभु पद ही आधार।
हृदय वेदि पर सदा बसे प्रभु चरण-कमल सुखकार।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं विश्वविघ्नहराय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं....।

## स्तुति का संकल्प

यः संस्तुतः सकल-वाङ्मय- तत्त्व-बोधा-,
दुद्भूत- बुद्धि- पटुभिः सुर- लोक- नाथैः।
स्तोत्रै जगत् - त्रितय - चित्त - हरैरुदारैः,
स्तोष्ये किलाहमपि तं प्रथमं जिनेन्द्रम्।।2।।
द्वादशांग मर्मज्ञ बुद्धि से चतुर इन्द्र द्वारा।
संस्तुत थे उत्कृष्ट स्तोत्र से जो जग मन हारा।।
उन प्रथमेश तीर्थंकर की मैं भक्ति स्तुति करूँ।
अपने सर्व कर्म बंधन औ भव का आर्त हरूँ।।
स्तुति करने की करें प्रतिज्ञा रत्नत्रय धारी।
स्वानुभूति के रस में डूबे मुनिवर अविकारी।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं नानामरसंस्तुताय सकलरोगहराय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## लघुता अभिव्यक्ति

बुद्ध्या विनापि विबुधार्चित - पाद - पीठ,
स्तोतुं समुद्यत - मति - र्विगतत्रपोऽहम्।
बालं विहाय जल - संस्थित - मिन्दु - बिम्ब-,
मन्यः क इच्छति जनः सहसा ग्रहीतुम्।।3।।

जिनका चरणासन भी पूजित देवों के द्वारा।
उनकी स्तुति करूँ मैं कैसे शब्दों के द्वारा।।
बिन बुद्धि के नाथ स्तवन को मैं तैयार हुआ।
लाज रहित समझो प्रभु मुझको मैं लाचार रहा।।
ज्यों जल में शशि बिम्ब पकड़ना चाहे बाल अधीर।
नहीं चाहता उसे पकड़ना धीर वीर गंभीर।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं मत्यादिसुज्ञानप्रकाशनाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## अवर्णनीय जिनवर गुण

वक्तुं गुणान् गुणसमुद्र ! शशाङ्क- कान्तान्,
कस्ते क्षमः सुरगुरु - प्रतिमोऽपि बुद्ध्या।
कल्पान्त - काल पवनोद्धत - नक्रचक्रं,
को वा तरीतु - मलमम्बुनिधिं भुजाभ्याम्।।4।।

शशि समान उज्ज्वल गुणवाले गुणसागर भगवान।
वृहस्पति सम बुद्धिमान भी कर न सके गुणगान।।
प्रलयकाल से क्षुब्ध समंदर भरे मच्छ जिसमें।
तेज वायु से लहराते हैं हिंस्र जंतु उसमें।।
गहरे सागर में भुजबल से तिर सकता है कौन।
वैसे ही गुण वर्णन में असमर्थ प्रभु मैं मौन।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं नानादुःखसमुद्रतारणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

### उमड़ती हुई भक्ति प्रेरणा

सोऽहं तथापि तव भक्ति वशान् मुनीश,
कर्तुं स्तवं विगत शक्तिरपि प्रवृत्तः।
प्रीत्यात्म-वीर्य-मविचार्य मृगी मृगेन्द्रं,
नाभ्येति किं निजशिशोः परिपालनार्थम्।।5।।

पहले ही कह चुका प्रभु मैं शक्ति बिन लाचार।
फिर भी भक्ति भरे मन से गुण गाने को तैयार।।
हिरणी जाने सिंह के आगे मैं हूँ अति बलहीन।
करे सामना फिर भी उससे शिशु से मोहाधीन।।
नाथ आपका गुणानुरागी मैं गुणगान करूँ।
कर्म सिंह का करूँ सामना मोह विभाव हरूँ।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं सकलकार्यसिद्धिकराय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

### स्तवन में मात्र भक्ति ही कारण

अल्पश्रुतं श्रुतवतां परिहास धाम,
त्वद् भक्तिरेव मुखरीकुरुते बलान्माम्।
यत्कोकिलः किल मधौ मधुरं विरौति,
तच्चाम्र - चारु कलिका निकरैकहेतु।।6।।

प्रसन्नता का पात्र बना हूँ यदपि अल्प शास्त्रज्ञ।
हूँ आनंदपात्र उनका क्यों हास्य करें आत्मज्ञ।।
तव अनंत गुणगण की भक्ति मुझको बुलवाती।
आम्र मंजरी के कारण ही कोयल ज्यों गाती।।
जिन भक्ति से निज भक्ति की बसंत ऋतु आई।
आत्म कोकिला कुहुक रही दर्शन दो जिनराई।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं याचितार्थप्रतिपादनशक्तिसहिताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## पापक्षयी जिनवर स्तुति

त्वत्संस्तवेन भवसन्तति सन्निबद्धं,
पापं क्षणात्क्षयमुपैति शरीरभाजाम्।
आक्रान्त - लोकमलि - नीलमशेषमाशु,
सूर्यांशु - भिन्नमिव शार्वरमन्धकारम्।।7।।

प्रभु संस्तवन की महिमा का जो अनुभव करते हैं।
अनेक भव से संचित अघ भी पल में नशते हैं।।
ज्यों रात्रि का अलि सम काला घना तमस भी हो।
किंतु सूर्य की किरण मात्र से छिन्न-भिन्न ही हो।।
मोह अँधेरा शाश्वत लय हो यही भाव स्वामी।
चेतन में हो नित्य सवेरा हे अंतर्यामी।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं सकलपापफलकष्टनिवारणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## प्रभु की प्रभुता का प्रभाव

मत्वेति नाथ! तव संस्तवनं मयेद,
मारभ्यते तनु धियापि तव प्रभावात्।
चेतो हरिष्यति सतां नलिनी - दलेषु,
मुक्ताफल - द्युतिमुपैति ननूदबिन्दुः।।8।।

बिन बुद्धि से स्वल्प बुद्धि को मैंने प्राप्त किया।
तव प्रभाव से सज्जन मनहर स्तव प्रारंभ किया।।
कमलिनी के पत्तों पर जब जल की बूँद पड़े।
मोती सम आभा के जैसी अद्भुत चमक दिखे।।
नीर बूँद सम मेरी भक्ति प्रभु कमलिनी पात।
अनंत गुण मुक्ता पाने को चरण नवाऊँ माथ।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं अनेकसंकटसंसारदुःखनिवारणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## पूर्णार्घ्य

शंभु छंद

लघुता प्रगटाकर जो भविजन,भगवान की भक्ति करते हैं।
वह आत्मशक्ति उद्घाटित कर, अनुपम चिर मुक्ती वरते हैं।।
मैं प्रथम देव आदीश्वर का, श्रद्धा से करता हूँ अर्चन।
शुभ वसुदल कमल पूजकर मैं, पूर्णार्घ्य चढ़ा करता वंदन।।

ॐ ह्रीं अष्टदलकमलाधिपते श्रीवृषभजिनाय पूर्णार्घ्यं...।

## षोडश दलकमल पूजा

कथा ही पाप नाशक

आस्तां तव स्तवन - मस्त - समस्त - दोषं,
त्वत् सङ्कथाऽपि जगतां दुरितानि हन्ति।
दूरे सहस्र किरणः कुरुते प्रभैव,
पद्माकरेषु जलजानि विकासभाञ्जि।।9।।

नाथ आपके संस्तव की तो बात रहे अति दूर।
नाम मात्र में पाप नाश की शक्ति है भरपूर।।
अठशत योजन दूर धरा से सूरज रहता है।
केवल रवि किरणों को छू कर सु-मनस खिलता है।।
सिद्धालय में बसे प्रभु का नाम मात्र ध्यावे।
स्वात्म सरोवर में रत्नत्रय कमल खिले पावे।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं सकलमनोवांछितफलदात्रे क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## भक्ति का उदार फल

नात्यद् भुतं भुवन भूषण भूतनाथ,
भूतै - र्गुणै - र्भुवि भवन्त - मभिष्टुवन्तः।
तुल्या भवन्ति भवतो ननु तेन किं वा,
भूत्याश्रितं य इह नात्मसमं करोति।।10।।

हे त्रिभुवन के भूषण स्वामी सब जीवों के नाथ।
तव सद्गुण का कीर्तन कर जो चरण नमावे माथ।।
प्रभु समान पद वह पा लेता इसमें क्या आश्चर्य।
जैसे निज आश्रय सेवक को निज सम करता आर्य।।
भक्त आपसे गुण संपद पा स्वयं नाथ बनता।
ऐसे वीतराग जिनवर को श्रद्धा से नमता।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं अर्हज्जिनस्मरणजिनसम्भूताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## जिनदर्शन की महिमा

दृष्ट्वा भवन्तमनिमेष - विलोकनीयं,
नान्यत्र तोष - मुपयाति जनस्य चक्षुः।
पीत्वा पयः शशिकर - द्युति दुग्धसिन्धोः,
क्षारं जलं जलनिधे रसितुं क इच्छेत्।।11।।

अपलक दर्शन योग्य आपका वीतराग है रूप।
एक बार तुमको लखता वह कहीं न हो संतुष्ट।।
क्षीरसिंधु के मीठे जल को जो पी ले इक बार।
क्या वह फिर पीना चाहेगा लवणोदधि जल क्षार।।
क्षीरसमंदर के समान प्रभु दर्शन जो पाए।
रागी लवणसिंधु सम उनकी शरण कौन जाए।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं सकलतुष्टिपुष्टिकराय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## अनुपम सौन्दर्य

यैः शान्तराग रुचिभिः परमाणुभिस्त्वं,
निर्मापितस्त्रिभुवनैक - ललामभूत।
तावन्त एव खलु तेऽप्यणवः पृथिव्याम्,
यत्ते समानमपरं न हि रूपमस्ति।।12।।

तीन भुवन के अलंकार हे आदिनाथ भगवन्।
परम शांत सुंदर अणुओं से रचित आपका तन।।
वे परमाणु इस धरती पर बस उतने ही थे।
क्योंकि आपसे तन के धारी और न कोई थे।।
ज्ञान शरीरी होने को जिनवर को ही ध्याऊँ।
तनकारा के बंधन से हे नाथ मुक्ति पाऊँ।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं वांछितरूपफलशक्तये क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## अनुपम मुख सौन्दर्य

वक्त्रं क्व ते सुर नरोरग - नेत्रहारि,
निःशेष - निर्जित - जगत् त्रितयोपमानम्।
बिम्बं कलङ्कमलिनं क्व निशाकरस्य,
यद्वासरे भवति पाण्डुपलाशकल्पम्।।13।।

नर सुर औ नागेन्द्र नयन को जिन ने हरण किया।
तीन जगत की उपमाओं को जिनने वरण किया।।
ऐसा सुंदर अनुपम मुख है आदीश्वर जिन का।
कैसे मैं कह दूँ जिनमुख को मलिन निशाकर सा।।
जो पलाश पत्ते सा दिन में फीका पड़ जाता।
सदा प्रकाशी निर्मल मुख श्री जिनवर का रहता।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं लक्ष्मीसुखविधायकाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## जिनाश्रय की महिमा

सम्पूर्ण- मण्डल- शशाङ्क- कलाकलाप-,
शुभ्रा गुणास्त्रिभुवनं तव लङ्घयन्ति।
ये संश्रितास् त्रिजगदीश्वर नाथमेकं,
कस्तान् निवारयति सञ्चरतो यथेष्टम्।।14।।

पूर्णचंद्र की कला युक्त हे उज्ज्वल गुणवाले।
नाथ आपके शुद्धातम के आश्रय गुण सारे।।
त्रिभुवनपति के आश्रित हैं जो उन्हें कौन रोके।
यथेष्ट विचरण करे गुणों को कहो कौन टोके।।
भक्त आपके ही आश्रित है सिद्धालय चाहे।
कर्म और नोकर्म इसे ना कोई रोक पावे।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं भूतप्रेतादिभयनिवारणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## अखंड ब्रह्मचर्य

चित्रं किमत्र यदि ते त्रिदशाङ्गनाभिर्,
नीतं मनागपि मनो न विकारमार्गम्।
कल्पान्तकालमरुता चलिताचलेन,
किं मन्दराद्रिशिखरं चलितं कदाचित्।।15।।

प्रलयकाल की तीव्र वायु से पर्वत हिल जाते।
किंतु पवन ये मेरु शिखर को हिला नहीं पाते।।
विकार पैदा करने वाली सुराङ्गना आई।
इसमें क्या आश्चर्य प्रभु का मन न डिगा पाई।।
अचल मेरु सी थिरताधारी आदिनाथ जिनराज।
ब्रह्मचर्य व्रत अखंड धरकर पाया शिव साम्राज्य।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं मेरुवत्मनोबलकरणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## अपूर्व दीपक

निर्धूम - वर्तिरपवर्जित - तैलपूरः,
कृत्स्नं जगत् - त्रयमिदं प्रकटी करोषि।
गम्यो न जातु मरुतां चलिताचलानां,
दीपोऽपरस्त्वमसि नाथ! जगत्प्रकाशः।।16।।

राग बाती और तेल शून्य प्रभु द्वेष धुएँ से दूर।
त्रिभुवन को इक साथ प्रकाशित करते हो भरपूर।।
गिरि को चला सके जो ऐसी चलती तेज बयार।
बुझा न सकती प्रभु दीपक को माने अपनी हार।।
जगत प्रकाशक अपूर्व दीपक शाश्वत हो जिननाथ।
मेरे मन को सदा प्रकाशित करते रहना आप।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यवशंकराय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## अपूर्व सूर्य

नास्तं कदाचिदुपयासि न राहुगम्यः,
स्पष्टीकरोषि सहसा युगपज्जगन्ति।
नाम्भोधरोदर - निरुद्ध - महाप्रभावः,
सूर्यातिशायिमहिमासि मुनीन्द्र! लोके।।17।।

अस्त कभी ना होता जिनरवि ग्रसे न राहु प्रबल।
छिपा न पाते तेज आपका कोई बादल दल।।
युगपत् तीनों लोक प्रकाशी पूर्णज्ञान रवि आप।
गगन सूर्य से भी अतिशायी महिमाशाली नाथ।।
कर्म राहु से ग्रसित ज्ञान मम शक्ति दो भगवान।
विभाव घन से छिपे आत्म को प्रकट करूँ धर ध्यान।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं पापांधकारनिवारणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## अपूर्व चन्द्रमा

नित्योदयं दलितमोह - महान्धकारं,
गम्यं न राहुवदनस्य न वारिदानाम्।
विभ्राजते तव मुखाब्जमनल्पकान्ति,
विद्योतयज्जगदपूर्व - शशाङ्कबिम्बम्।।18।।

अद्भुत है मुखचंद्र आपका नित्य उदित रहता।
मोह महांध मिटाने वाला राहु न ग्रस सकता।।
मेघ आवरण रहित नित्य प्रभु जगत प्रकाशक आप।
अनंत कांती युक्त जिनेश्वर शांति विधायक नाथ।।
मेरे सम्यक् श्रद्धा नभ के चाँद निराले हो।
पूर्णज्ञान की कला युक्त भविजन को प्यारे हो।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं चन्द्रवत्सर्वलोकोद्योतनकराय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## सूर्य चन्द्र से अधिक प्रकाशी

किं शर्वरीषु शशिनाह्नि विवस्वता वा,
युष्मन् मुखेन्दु दलितेषु तमःसु नाथ।
निष्पन्नशालिवनशालिनि जीवलोके,
कार्यं कियज्जलधरै - र्जलभारनम्रैः।।19।।

नाथ आपका मुखमंडल जब तम का नाशक है।
तब दिन में रवि रात्रि में शशि क्यों आवश्यक है।।
फसल धान्य की पकी हुई जब खेतों में चउ ओर।
तब जलपूरित मेघ व्यर्थ जो शोर मचाते घोर।।
मुझे प्रयोजन मात्र आपसे जग से कुछ ना काम।
आत्म प्रकाशी आदीश्वर को बारंबार प्रणाम।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं सकलकालुष्यदोषनिवारणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

### श्रेष्ठ ज्ञानी

ज्ञानं यथा त्वयि विभाति कृतावकाशं,
नैवं तथा हरिहरादिषु नायकेषु।
तेजो महामणिषु याति यथा महत्त्वं,
नैवं तु काचशकले किरणाकुलेऽपि।।20।।

स्वाभाविक ज्योतिर्मय मणि में जो कांती होती।
चमकदार वह काँच खण्ड में कभी नहीं होती।।
जो कैवल्यज्ञान प्रभुवर में स्व-पर प्रकाशी है।
वैसा ज्ञान नहीं हरिहर में ये जगवासी हैं।।
प्रभु ज्ञान का अनंतवाँ भी भाग नहीं इनमें।
कैसे तुलना करें अल्पमति जन में और जिन में।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं केवलज्ञानप्रकाशितलोकालोकस्वरूपाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

### अलंकार पूर्वक स्तुति

मन्ये वरं हरिहरादय एव दृष्टा,
दृष्टेषु येषु हृदयं त्वयि तोषमेति।
किं वीक्षितेन भवता भुवि येन नान्यः,
कश्चिन् मनो हरति नाथ! भवान्तरेऽपि।।21।।

हरिहरादि अच्छे हैं ऐसा मानूँ मैं जिनराज।
क्योंकि उन्हें देखकर मन संतुष्ट आपमें नाथ।।
प्रभु आपके दर्शन से क्या लाभ मुझे होगा।
अन्य देव भव-भव में अब ना मन हर पायेगा।।
ब्याजोक्ति इस अलंकार में कहना यह चाहूँ।
सर्वश्रेष्ठ प्रभु मात्र आपको त्रियोग से ध्याऊँ।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं सर्वदोषहरशुभदर्शनाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## अपूर्व माता

स्त्रीणां शतानि शतशो जनयन्ति पुत्रान्,
नान्या सुतं त्वदुपमं जननी प्रसूता।
सर्वा दिशो दधति भानि सहस्ररश्मिं,
प्राच्येव दिग्जनयति स्फुरदंशुजालम्।।22।।

जग में कई सैकड़ों नारी पुत्र जन्म देती।
किंतु आपसे सुत की माँ सामान्य नहीं होती।।
एकमात्र ही मरुदेवी माँ महान कहलायी।
प्रथम तीर्थंकर जिनशासन की शान पुत्र पायी।।
पूर्व दिशा ही एक अनोखी दिनकर उदित करे।
सभी दिशा-विदिशाएँ ग्रह तारों को प्रकट करें।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं अद्भुतगुणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## मोक्षमार्ग दर्शक

त्वामामनन्ति मुनयः परमं पुमांस,
मादित्य - वर्णममलं तमसः पुरस्तात्।
त्वामेव सम्यगुपलभ्य जयन्ति मृत्युं,
नान्यः शिवः शिवपदस्य मुनीन्द्र! पन्थाः।।23।।

नाथ आपको मुनिजन माने परम पुरुष महान।
मोहतमस निर्मुक्त विमल रवि से भी तेजोमान।।
सम्यक् उपासना करके वे मृत्युञ्जयी होते।
नाथ आपको तजकर सुखकर शिवपथ ना पाते।।
वीतराग जिनवर की भक्ति मुक्ति का पथ है।
मोक्षमहल तक जाने का यह ही सम्यक् रथ है।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं मनोवांछितफलदायकाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## प्रभु के पर्यायवाची नाम

त्वामव्ययं विभुमचिन्त्य - मसंख्यमाद्यं,
ब्रह्माण - मीश्वरमनन्त - मनङ्गकेतुम्।
योगीश्वरं विदितयोग - मनेकमेकं,
ज्ञानस्वरूप - ममलं प्रवदन्ति सन्तः।।24।।

सज्जन कहें आपको अव्यय विभो अचिन्त्य अनंत।
ब्रह्मा ईश्वर आद्य अमल औ असंख्य हो भगवंत।।
मदनविजेता योगीश्वर प्रभु एकानेक जिनेश।
ज्ञान स्वरूपी विदितयोग हो आदिनाथ परमेश।।
समवसरण में सहस्रनाम से भक्ति इन्द्र करे।
अल्प शक्तिधर अल्प नाम से हम गुणगान करें।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं सहस्रनामाधीश्वराय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## पूर्णार्घ्य

शंभु छंद

जो उपमातीत जिनेश्वर की, उपमाओं से महिमा गाता।
वह रत्नत्रय को पाकर के, सिद्धालय में चिर बस जाता।।
मैं प्रथम देव आदीश्वर का, श्रद्धा से करता हूँ अर्चन।
षोडश दल कमल पूजकर मैं, पूर्णार्घ्य चढ़ा करता वंदन।।

ॐ ह्रीं हृदयस्थितषोडशदलकमलाधिपतये श्रीवृषभजिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं...।

## चतुर्विंशतिदल कमल पूजा

### बुद्ध शिव शंकर आप ही

बुद्धस्त्वमेव विबुधार्चित - बुद्धिबोधात्,
त्वं शङ्करोऽसि भुवनत्रय - शङ्करत्वात्।
धातासि धीर! शिवमार्ग विधे - र्विधानाद्,
व्यक्तं त्वमेव भगवन्! पुरुषोत्तमोऽसि।।25।।

केवलज्ञानी सुर पूजित होने से बुद्ध तुम्हीं।
त्रिभुवन में सुख करने वाले शंकर नाथ तुम्हीं।।
मोक्षमार्ग की विधि बतलाते ब्रह्मा कहलाते।
सारे जग में श्रेष्ठ विष्णु पुरुषोत्तम पद पाते।।
दोष अठारह रहित बुद्ध शिव शंकर ब्रह्मा आप।
वीतराग सम देव न दूजा नमूँ-नमूँ नत माथ।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं षड्दर्शनपारङ्गताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

### मध्यम मंगलाचरण

तुभ्यं नमस् त्रिभुवनार्तिहराय नाथ,
तुभ्यं नमः क्षितितलामल - भूषणाय।
तुभ्यं नमस्त्रिजगतः परमेश्वराय,
तुभ्यं नमो जिन! भवोदधिशोषणाय।।26।।

तीन जगत के दुख हर्त्ता हे प्रभुवर तुम्हें प्रणाम।
पृथ्वीतल के निर्मल भूषण जिनवर तुम्हें प्रणाम।।
त्रिभुवन के परमेश्वर तुमको बारंबार प्रणाम।
अपार भवदधि शोषणहारे आदि जिनेश प्रणाम।।
मध्यम मंगल करूँ भाव से सारे बंध नशें।
मेरी ज्ञान वेदि पर आदि जिनेश्वर नित्य बसें।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं नानादुःखविलीनाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## पूर्ण निर्दोष

को विस्मयोऽत्र यदि नाम गुणैरशेषैस्,
त्वं संश्रितो निरवकाशतया मुनीश।
दोषै - रुपात्त - विविधाश्रय - जातगर्वैः,
स्वप्नान्तरेऽपि न कदाचिदपीक्षितोऽसि।।27।।

सर्व गुणों को मिल ना पाया और कहीं आवास।
अतः सभी गुण शरणागत हो बने आपके दास।।
अन्य विविधजन का आश्रय पा दोष करें अभिमान।
स्वप्न मात्र में भी ना देखे दोष तुम्हें भगवान।।
इसमें कुछ आश्चर्य नहीं निर्दोष स्वभावी आप।
दोष रहित गुण कोष रहूँ मैं मात्र यही अभिलाष।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं सकलदोषनिर्मुक्ताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## अशोक वृक्ष प्रातिहार्य

उच्चै - रशोकतरु - संश्रित मुन्मयूख,
माभाति रूपममलं भवतो नितान्तम्।
स्पष्टोल्लसत्किरण- मस्ततमो- वितानं,
बिम्बं रवेरिव पयोधरपार्श्ववर्ति।।28।।

बारह गुना प्रभु से ऊँचा वृक्ष अशोक विशाल।
उसके नीचे प्रभु विराजे तरुवर हुआ निहाल।।
ऊर्ध्व किरण से मंडित उज्ज्वल रूप आपका है।
ज्यों बादल के निकट तेजमय सूर्य शोभता है।।
समवसरण में भवि जीवों को मोहतमस नाशी।
प्रातिहार्यधारी प्रभु का मैं दर्शन अभिलाषी।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं अशोकतरुविराजमानाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## सिंहासन प्रातिहार्य

सिंहासने मणिमयूख - शिखाविचित्रे,
विभ्राजते तव वपुः कनकावदातम्।
बिम्बं वियद्विलसदंशु - लतावितानम्,
तुङ्गोदयाद्रि - शिरसीव सहस्ररश्मेः।।29।।

रत्न किरण के अग्र भाग से जड़ित सिंहासन है।
चउ अंगुल उस पर स्वर्णिम तनधारी भगवन् हैं।।
उदयाचल के उच्च शिखर पर ज्यों रवि शोभ रहा।
सुंदर सिंहासन पर जिनरवि भवि मन मोह रहा।।
मेरे स्वच्छ हृदय आसन पर आदीश्वर आओ।
भक्ति के उदयाचल पर प्रभु आकर बस जाओ।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं मणिमुक्ताखचित सिंहासनप्रातिहार्ययुक्ताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## चँवर प्रातिहार्य

कुन्दावदात - चलचामर - चारुशोभम्,
विभ्राजते तव वपुः कलधौतकान्तम्।
उद्यच्छशाङ्क - शुचिनिर्झर - वारिधार,
मुच्चैस्तटं सुरगिरेरिव शातकौम्भम्।।30।।

प्रभु के दोनों ओर चँवर चौंसठ पावन ढुरते।
कुंद पुष्प सम स्वच्छ चँवर ये सब जन-मन हरते।।
श्वेत चँवर से स्वर्णिम तन प्रभु का ऐसा लगता।
स्वर्ण मेरु के दोनों तट पर झरना ज्यों बहता।।
उदित चंद्रमा से भी सुंदर तनधारी भगवान।
चँवर सिखाते विनम्र होकर करो कर्म का हान।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं चतुः षष्ठिचामरप्रातिहार्ययुक्ताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## छत्रत्रय प्रातिहार्य

छत्रत्रयं तव विभाति शशाङ्ककान्त,
मुच्चैः स्थितं स्थगित भानुकरप्रतापम्।
मुक्ताफल - प्रकरजाल - विवृद्धशोभम्,
प्रख्यापयत् त्रिजगतः परमेश्वरत्वम्।।31।।

मुक्ता की लड़ियों से शोभित तीन छत्र मनहर।
गुरु लघु लघुतम क्रम से हैं ये सूर्य किरण तपहर।।
तीन जगत के नाथ शीश पर तीन छत्र रहते।
तीनों जग के स्वामी हैं ये यही प्रगट करते।।
वीतराग प्रभुवर की मुझ पर रहे छत्र छाया।
कर्म तापहारी जिनवर सी मिले ज्ञान काया।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं छत्रत्रयप्रातिहार्ययुक्ताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## दुन्दुभि प्रातिहार्य

गम्भीरतार - रवपूरित - दिग्विभागस्,
त्रैलोक्यलोक - शुभसङ्गम - भूतिदक्षः।
सद्धर्मराज - जयघोषण - घोषकः सन्,
खे दुन्दुभिर्ध्वनति ते यशसः प्रवादी।।32।।

दशों दिशा में उच्च और गंभीर शब्द करता।
प्रभु सत्संग की महिमा दुंदुभि सबको बतलाता।।
जयवंतों तीर्थंकर स्वामी यूँ जयघोष करें।
दुंदुभिवाद्य सु-यश जिनवर का नभ में प्रकट करें।।
स्वानुभूति का वाद्य बजाकर प्रगटाऊँ परमात्म।
श्वास-श्वास में प्रभु भक्ति का गूँजे अनहद नाद।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्याज्ञाविधायिने क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## पुष्पवृष्टि प्रातिहार्य

मन्दार सुन्दर - नमेरु सुपारिजात,
सन्तानकादि - कुसुमोत्कर - वृष्टिरुद्धा।
गन्धोदबिन्दु - शुभमन्दमरुत् - प्रपाता,
दिव्या दिवः पतति ते वचसां ततिर्वा।।33।।

संतानक सुंदर नमेरु और पारिजात मंदार।
तरह-तरह के सुमन बरसते नभ से दिव्य अपार।।
सुगंध जल औ मंद पवन संग पुष्प लगे ऐसे।
तव वचनों की कतार नभ से बरसी हो जैसे।।
ऊर्ध्वमुखी सुमनों की वर्षा मानो यह कहती।
प्रभु चरणों में वंदन से बंधन बाधा मिटती।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं समस्त जातिपुष्पवृष्टिप्रातिहार्ययुक्ताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## भामण्डल प्रातिहार्य

शुम्भत्प्रभावलय - भूरिविभा विभोस्ते,
लोकत्रये द्युतिमतां द्युतिमाक्षिपन्ती।
प्रोद्यद्दिवाकर - निरन्तरभूरिसंख्या,
दीप्त्या जयत्यपि निशामपि सोमसौम्याम्।।34।।

प्रभु का आभामण्डल चारों ओर चमकता है।
त्रिभुवन के द्युतिमय पदार्थ को लज्जित करता है।।
कोटि सूर्य युगपत् उगने पर जो दीप्ति होती।
प्रभु के भामण्डल में उससे अधिक कांती होती।।
ज्योतिर्मय होकर भी इसमें ताप नहीं होता।
शरद पूनम के चंदा जैसा शीतलता देता।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं कोटिभास्कर प्रभामण्डितभामण्डलप्रातिहार्ययुक्ताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## दिव्यध्वनि प्रातिहार्य

स्वर्गापवर्ग - गममार्ग - विमार्गणेष्टः,
सद्धर्मतत्त्व - कथनैक - पटुस्त्रिलोक्याः।
दिव्यध्वनि - र्भवति ते विशदार्थ सर्व,
भाषास्वभाव - परिणामगुणैः प्रयोज्यः।।35।।

स्वर्ग मोक्ष का पथ बतलाती जिनवर की वाणी।
सम्यक् धर्म कथन में पटु है वाणी कल्याणी।।
स्पष्ट अर्थ युत सब भाषा में परिणत गुणवाली।
तीन लोक के सब जीवों का दुख हरने वाली।।
दिव्यध्वनि को नमन करूँ प्रभु वचनों को ध्याऊँ।
प्रभु वचनामृत पीकर अजर-अमर पद पा जाऊँ।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं जलधरपटलगर्जितसर्वभाषात्मकयोजनप्रमाण दिव्यध्वनिप्रातिहार्ययुक्ताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## स्वर्ण कमलों की रचना

उन्निद्रहेम - नवपङ्कज - पुञ्जकान्ति,
पर्युल्लसन्नख - मयूख - शिखाभिरामौ।
पादौ पदानि तव यत्र जिनेन्द्र! धत्तः,
पद्मानि तत्र विबुधाः परिकल्पयन्ति।।36।।

विकसित नूतन स्वर्ण कमल सम प्रभु के युगल चरण।
झिलमिल-झिलमिल नख कांती ज्यों नभ में चँद्र किरण।।
विहार में प्रभुवर के ऐसे चरण जहाँ पड़ते।
स्वर्णमयी कमलों की रचना देव वहाँ करते।।
श्रद्धा कमल रचाकर भविजन जोड़े हाथ खड़े।
हृदय धरा पर कब प्रभुवर के पावन चरण पड़ें।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं पादन्यासे पद्मश्रीयुक्ताय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## अद्वितीय विभूति

इत्थं यथा तव विभूति - रभूज्जिनेन्द्र,
धर्मोपदेशन - विधौ न तथा परस्य।
यादृक् प्रभा दिनकृतः प्रहतान्ध कारा,
तादृक् कुतो ग्रहगणस्य विकासिनोऽपि।।37।।

प्रभुवर के धर्मोपदेश में जो वैभव होता।
समवसरण सा विभव अन्य देवों में ना होता।।
जैसी प्रखर प्रभा सूरज में तम को हरती है।
झिलमिल करते अन्य ग्रहों में कभी न होती है।।
बाह्याभ्यंतर अनुपम वैभव प्रभु ने प्राप्त किया।
भव भय हारक प्रभु चरणों में मैंने वास किया।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं धर्मोपदेशसमयेसमवसरणादिलक्ष्मीविभूतिविराजमानाय क्लीं महाबीजाक्षर-सहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## हस्ति भय निवारक भक्ति

श्च्योतन्मदाविल - विलोल - कपोलमूल,
मत्तभ्रमद् - भ्रमरनाद - विवृद्धकोपम्।
ऐरावताभमिभ - मुद्धत - मापतन्तं,
दृष्ट्वा भयं भवति नो भवदाश्रितानाम्।।38।।

गज के गण्डस्थल से झरती अविरल मद जलधार।
उस पर मत्त भँवर मँडराते करते हैं गुंजार।।
क्रोधित गज वह ऐरावत सा सम्मुख आ जाता।
तव आश्रित वह भक्त कभी भयभीत नहीं होता।।
मान रूप गज से निर्भय हो हनन किया मद का।
आदिप्रभु ने पद पाया है शिवरमणी वर का।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं हस्त्यादिगर्वदुर्द्धरभयनिवारणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

### सिंह भय से मुक्त जिनेन्द्र भक्ति

भिन्नेभकुम्भ - गलदुज्ज्वल - शोणिताक्त,
मुक्ताफल - प्रकर भूषित - भूमिभागः।
बद्धक्रमः क्रमगतं हरिणाधिपोऽपि,
नाक्रामति क्रमयुगाचल संश्रितं ते।।39।।

जिसने गज के मस्तक फाड़े गजमुक्ता बिखरी।
गिरी धरा पर धवल मोतियाँ लहु से भीग गई।।
ऐसा सिंह भयानक क्रोधी अति खूँखार रहा।
दहाड़कर छल्लांग मारने को तैयार रहा।।
तव पद युगल गिरि आश्रित पर हमला ना करता।
कालसिंह भी तव भक्तों का कुछ ना कर सकता।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं युगादिदेवनामप्रसादात् केशरिभयविनाशकाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

### नाम स्मरण से दावानल शमन

कल्पान्तकाल - पवनोद्धत - वह्निकल्पं,
दावानलं ज्वलित - मुज्ज्वलमुत्स्फुलिङ्गम्।
विश्वं जिघत्सुमिव सम्मुख मापतन्तं,
त्वन्नाम कीर्तन - जलं शमयत्यशेषम्।।40।।

प्रलयंकारी तेज पवन से अग्नि धधक रही।
ऊपर उठती लपटें मानो जग को निगल रही।।
सम्मुख आती हुई वनाग्नि पल में बुझती है।
जब भक्तों की जिह्वा प्रभु के नाम को रटती है।।
प्रभु का यशोगान जल ही भव अग्नि शांत करे।
अग्निशामक नाम आपका मम मन वास करें।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं संसाराग्नितापनिवारणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## भुजंग भयहारी नाम नागदमनी

रक्तेक्षणं समद - कोकिल कण्ठ - नीलम्,
क्रोधोद्धतं फणिन - मुत्फण - मापतन्तम्।
आक्रामति क्रमयुगेण निरस्त - शङ्कस्-,
त्वन्नाम - नागदमनी - हृदि यस्य पुंसः।।41।।

मद युत कोयल कंठ सरीखा लाल नेत्रवाला।
ऊपर फणा उठाकर क्रोधित कुटिल चाल वाला।।
डसने को तैयार भयंकर सर्प महा विकराल।
आगे बढ़ते अहि को लाघे निर्भय वह तत्काल।।
जिसके मन में वृषभ नाम की औषध रहती है।
नागदमन यह औषध विषयों का विष हरती है।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं त्वन्नामनागदमनीशक्तिसम्पन्नाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## संग्राम भय विनाशक जिनकीर्तन

वल्गत्तुरङ्ग - गजगर्जित - भीमनाद,
माजौ बलं बलवतामपि भूपतीनाम्।
उद्यद्दिवाकर - मयूख - शिखापविद्धं,
त्वत्कीर्तनात्तम इवाशु भिदामुपैति।।42।।

उछल रहे हैं घोड़े जिसमें गज गर्जन करते।
शूरवीर नृप शत्रु भयंकर आवाजें करते।।
सर्व सैन्य को एक आपका भक्त भगा देता।
ज्यों सूरज किरणों से तम को शीघ्र नशा देता।।
आदिप्रभु का अतिशयकारी नाम कहाता है।
कर्मशत्रु सेना के भय से मुक्ति दिलाता है।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं संग्राममध्येक्षेमंकराय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।


महावीर सहित्य सदन व उपकरण केंद्र
ॐ
श्री
••हमारे यहाँ सभी प्रकार का दिगम्बर जैन एवं भारत के सभी प्रमुख धार्मिक संस्थानो का सत सहित्य उपलब्ध हें.••
••हमारे यहाँ सभी प्रकार के मंदिर संबंधी उपकरण व प्रभावना में बाटने हेतु उपकरण भी उपलब्ध हें
जेसे (पांडुशिला, सिंहासन, भा मंडल . छत्र . चँवर . शात्र पेटिका . यंत्र स्टेंड . आरती . पालकी . पंचमेरु . सोलह स्वप्न . जाप माला . झंडे . मंगल कलश . पूजा बर्तन सेट इत्यादि .••
••हमारे यहाँ घरो में उपयोग हेतु . साधुओं के उपयोग हेतु व्रती बंधुओ के उपयोग हेतु एवं धार्मिक अनुष्ठानों में उपयोग हेतु शुद्ध तेल . शुद्ध घी उपलब्ध हें ••
(शुद्ध ता एवं ध्यान व ज्ञान पूर्वक बनाया हुआ)
"आपका विश्वास ही हमारी सफलता हें"
•मेरे भगवन की चरण रज को बारम्बार प्रणाम•
आ.विद्यासागर जी महाराज
whatsapp number
09993602663
**www.mahaveersahityasadan.com**

### शरणागत की युद्ध में विजय

कुन्ताग्रभिन्न - गजशोणित - वारिवाह,
वेगावतार - तरणातुर - योधभीमे।
युद्धे जयं विजितदुर्जयजेयपक्षास्,
त्वत्पादपङ्कज - वनाश्रयिणो लभन्ते।।43।।

तीखे भालों से भेदित गज लहु से सने हुए।
रक्तधार में भी लड़ने योद्धा तैयार हुए।।
ऐसी सेना वाले रिपु को कौन जीत सकता।
विजय पताका भक्त आपका ही फहरा सकता।।
प्रभु पद कमल रूप वन का जो आश्रय लेता है।
कर्मशत्रु को जीत जगत में विजयी होता है।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं वनगजादिभयनिवारणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

### नाम स्मरण से निर्विघ्न समुद्र यात्रा

अम्भोनिधौ क्षुभित - भीषणनक्रचक्र-,
पाठीनपीठ - भयदोल्वण - वाडवाग्नौ।
रङ्गत्तरङ्ग - शिखरस्थित - यानपात्रास्,
त्रासं विहाय भवतःस्मरणाद् व्रजन्ति।।44।।

कुपित भयंकर मगर और घड़ियाल रहे जिसमें।
मत्स्य पीठ की टक्कर से हो बड़वानल जिसमें।।
ऐसे तूफानी सागर में उठे भंवर उत्ताल।
मानो अभी पलटने वाला हो ऐसा जलयान।।
मात्र आपके नाम स्मरण से सिंधु पार करता।
निडर भक्त भवदधि तिरकर अंतर्यात्रा करता।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं संसाराब्धितारणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## व्याधि विनाशक चरण रज

उद्भूत - भीषण - जलोदर - भारभुग्नाः,
शोच्यां दशा - मुपगताश्च्युतजीविताशाः।
त्वत् - पाद - पङ्कज - रजोऽमृत - दिग्धदेहा,
मर्त्या भवन्ति मकरध्वजतुल्य- रूपाः।।45।।

महा जलोदर रोग भार से झुकी कमर जिनकी।
सोचनीय है दशा छोड़ दी आशा जीने की।।
ऐसे नर तव चरण कमल की रज को छू लेते।
निरोग हो वे कामदेव से सुंदर हो जाते।।
श्रद्धा से मैं नाथ चरण रज शीश चढ़ाऊँगा।
देह मुक्त होकर विदेह पद को पा जाऊँगा।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं दाहतापजलोदराष्टादशकुष्टसन्निपातादिरोगहराय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## नाम जाप से बंधन मुक्ति

आपादकण्ठ - मुरुश्रृङ्खल - वेष्टिताङ्गा,
गाढं बृहन्निगड - कोटि - निघृष्टजङ्घाः।
त्वन्नाम - मन्त्रमनिशं मनुजाः स्मरन्तः,
सद्यः स्वयं विगतबन्धभया भवन्ति।।46।।

बड़ी-बड़ी बेड़ी से जिनका तन है कसा बँधा।
दृढ़ सांकल की नोंक से जिनकी छील गई जंघा।।
ऐसे बंदीजन अविरल तव नाम मंत्र जपते।
उनके बंधन स्वयं तड़ातड़ पलभर में नशते।।
आदिप्रभु के नाममंत्र में है ऐसी शक्ती।
कर्मबंध से विमुक्त हो भविजन पाते मुक्ती।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं नानाविधकठिनबंधनदूरकरणाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## संपूर्ण भय निवारक जिन स्तवन

मत्तद्विपेन्द्र - मृगराज - दवानलाहि,
संग्राम - वारिधि - महोदर - बन्धनोत्थम्।
तस्याशु नाशमुपयाति भयं भियेव,
यस्तावकं स्तवमिमं मतिमानधीते।।47।।

बुद्धिमान जो प्रभु स्तोत्र को भावों से पढ़ता।
उसका भय तत्काल स्वयं ही डर करके भगता।।
चाहे वह भय मत्त हाथी या सिंह अग्नि का हो।
सर्प युद्ध सागर या भारी रोग जलोदर हो।।
बंधन से भी प्रकट हुआ भय शीघ्र विनशता है।
निर्भय होकर भक्त शीघ्र शिवधाम पहुँचता है।।
मानतुंग मुनिवर में प्रभु की भक्ति समाई है।
भक्तामर में वृषभदेव की महिमा गाई है।।

ॐ ह्रीं बहुविधविघ्नविनाशनाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## स्तुति का फल

स्तोत्रस्रजं तव जिनेन्द्र! गुणै र्निबद्धां,
भक्त्या मया विविधवर्ण- विचित्रपुष्पाम्।
धत्ते जनो य इह कण्ठगतामजस्रं,
तं 'मानतुङ्ग' मवशा समुपैति लक्ष्मीः।।48।।

प्रभु गुण की डोरी में अक्षर पुष्प पिरोये हैं।
भक्तिमाल में आदिप्रभु के गुण ही गाये हैं।।
जो श्रद्धालु स्वयं कंठ में स्तुति माला धारे।
मानतुंग सम उन्नत हो वह मुक्तिरमा पावे।।
नाथ आपके ज्ञान बाग की सुरभि मैं पाऊँ।
बंध रहित निर्भय होकर मैं शिवरमणी पाऊँ।।मानतुंग...।।

ॐ ह्रीं सकलकार्यसाधनसमर्थाय क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीवृषभजिनाय अर्घ्यं...।

## पूर्णार्घ्य - शंभु छंद

जो प्रभु वैभव और शक्ति का,भक्ति से वर्णन करता है।
वह भय संकट और कष्टों को,पलभर में ही क्षय करता है।।
मैं प्रथम देव आदीश्वर का, श्रद्धा से करता हूँ अर्चन।
श्री चौबीसी दल कमल पूज, पूर्णार्घ्य चढ़ा करता वंदन।।

ॐ ह्रीं हृदयस्थिताय चतुर्विंशतिदलकमलाधिपतये क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं...।

## महार्घ्य

श्री मानतुंग स्वामी द्वारा, यह रचा गया भक्तामर है।
जो भी श्रद्धा से इसे पढ़े, पद पाता वह अजरामर है।।
मैं हृदय थाल में भावों से, शुभ अर्घ्य बनाकर लाया हूँ।
हे अनर्घ्य पदधारी स्वामी, मैं जिनपद पाने आया हूँ।।

ॐ ह्रीं हृदयस्थिताय अष्टचत्वारिंशद्दलकमलाधिपतये क्लीं महाबीजाक्षरसहिताय श्रीवृषभजिनेन्द्राय महार्घ्यं...।

## ऋद्धि अर्घ्य

ॐ ह्रीं अर्हं णमो जिणाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो ओहिजिणाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो परमोहिजिणाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोहिजिणाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो अणंतोहिजिणाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो कोट्ठबुद्धीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो बीजबुद्धीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो पदानुसारीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो सभिण्णसोदाराणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो सयंबुद्धाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो पत्तेयबुद्धाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो बोहियबुद्धाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो ऋजुमदीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो विउलमदीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो दसपुव्वियाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो चउदसपुव्वियाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो अट्ठंगमहानिमित्तकुसलाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो विउव्वइड्ढिपत्ताणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो विज्जाहराणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो चारणाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो पण्णसमणाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो आगासगामीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो आसीविसाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो दिट्ठिविसाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो उग्गतवाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो दित्ततवाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो तत्ततवाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो महातवाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरतवाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरगुणाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरपरक्कमाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरगुणबंभयारीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो आमोसहिपत्ताणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो खिल्लोसहिपत्ताणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो जल्लोसहिपत्ताणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो विप्पोसहिपत्ताणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोसहिपत्ताणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो मणबलीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो वचबलीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो कायबलीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो खीरसवीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो सप्पिसवीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो महुरसवीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो अमियसवीणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो अक्खीणमहाणसाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो वड्ढमाणाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्व सिद्धायदणाणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वसाहूणं अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-:: जाप्य ::-

ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं अर्हं श्रीवृषभनाथतीर्थंकराय नमः।

## जयमाला

दोहा

आदिनाथ भगवान के, चरण कमल सुखदाय।
श्रद्धा से गुणगान कर, भक्त अमर पद पाय।।

ज्ञानोदय छंद

त्रिभुवनपति श्री वृषभदेव को,मन-वच-तन से वंदन है।
नाभिराय के नयन सितारे, मरुदेवी के नंदन हैं।।
मालव प्रांत नगर उज्जयिनी शूरवीर नृप राज्य करे।
विद्या प्रेमी संस्कृत भाषी वहाँ कई विद्वान रहें।।1।।
कवि धनञ्जय मुनी भक्त से, अन्य कवि ईर्ष्या करते।
राजा से कवि और मुनी के विरूद्ध में बातें करते।।
तभी एक दिन नृप ने मुनि को, राज्यसभा में बुलवाया।
मुनिवर ने उपसर्ग समझकर, महा मौन व्रत धार लिया।।2।।
हुआ नहीं शास्त्रार्थ सभा में, राजा भी फिर कुपित हुआ।
मानतुंग मुनि पर क्रोधित हो, अपमानित दुर्वचन कहा।।
अड़तालिस कमरों के भीतर, श्रीमुनिवर को डाल दिया।
बेड़ी और हथकड़ियों से तन, नख से शिख तक बाँध दिया।।3।।
देह भले बंधन में हो पर, मैं निर्बंध स्वरूपी हूँ।
समता धरकर किया चिंतवन, मैं चिन्मय चिद्रूपी हूँ।।
तीन दिनों तक आत्म ध्यान कर,वृषभनाथ की भक्ति की।
भाव सहित कारागृह में ही, भक्तामर की रचना की।।4।।
ज्यों-ज्यों हुई श्लोक की रचना,इक-इक ताले टूट गए।
कर्म असाता के बंधन भी, प्रभु भक्ति से छूट गए।।
द्वारपाल आश्चर्य चकित थे, मुनि बाहर कैसे आये।
पुनः कैद कर लिया उन्हें तो, अनुपम अतिशय प्रगटाये।।5।।
तीन बार बंधन में डाला, फिर भी मुनि निर्बंध हुए।
बाहर प्रासुक उपल शिला पर, आकर मुनिवर बैठ गए।।
सुन वृतान्त नृप परिजन को ले, घटनास्थल पर आ पहुँचे।
चमत्कार लख महामुनि का, नयन हुए नृप के नीचे।।6।।

श्रद्धा से मुनि को वंदन कर, जैन धर्म स्वीकार किया।
नृप ने श्रावक व्रत को धारा, सबने जय-जयकार किया।।
भक्तामर की यशोपताका, सब जन मन में फहराई।
जिसने पाठ किया श्रद्धा से, जीवन में खुशियाँ छाई।।7।।
मंत्र समान जो अर्थ युक्त इस, महास्त्रोत को पढ़ता है।
निज शुद्धातम वैभव पा वह, शिवमारग पर बढ़ता है।।
निर्वांछिक दृढ़ श्रद्धा से जो, प्रभुवर की भक्ति करता ।
तन मन चेतन के बंधन से, शीघ्र मुक्त ही वह होता।।8।।
मानतुंग मुनिवर के जैसी, श्रद्धा भक्ति प्रकट करूँ।
राग-द्वेष क्षयकर समता धर, भव बंधन के कष्ट हरूँ।।
भक्तामर की दिव्यशक्ति को, भाव सहित मैं नमन करूँ।
एक यही अभिलाषा भगवन्, शुद्धातम मैं रमण करूँ।।9।।

दोहा

भक्तामर जिन स्त्रोत का,पाठ करे नित भव्य।
तजकर सर्व विभाव वह, पा लेता गंतव्य।।

ॐ ह्रीं क्लीं सर्वकर्मविनाशनाय आगतविघ्नभयनिवारणाय श्रीवृषभनाथजिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

घत्ता

हे प्रथम जिनेश्वर,श्रीआदीश्वर,भव-भव का संताप हरो।
नित पूज रचाऊँ,ध्यान लगाऊँ,'विद्यासागर' पूर्ण करो।।

।। इत्याशीर्वादः ।।

## पूज्यपाद आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज की पूजन

### स्थापना

(ज्ञानोदय छंद)

संत शिरोमणि विद्यासागर, गुरुवर को करता वंदन।
रत्नत्रय के पालनहारे, महावीर के लघुनंदन।।
शरद पूर्णिमा के चंदा मम, ध्यान गगन में आ जाना।
कर्म कालिमा रज धो करके, शुद्धातम प्रगटा देना।।1।।

पूजन करने आया गुरुवर, भक्ति का लेकर आधार।
यही अरज है चारों गति के, दुख से मेरा हो उद्धार।।
आह्वानन करता हूँ स्वामी, स्थापन करूँ हृदय में आज।
आन विराजो हृदय वेदी पर, वास करो मेरे ऋषिराज।।2।।

ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागर मुनीन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

## द्रव्यार्पण

(ज्ञानोदय छंद)

युगों-युगों से जनम मरण की,ज्वाला में जलता आया।
सिंधु नीर से बुझी न ज्वाला,अतः भक्ति का जल लाया।।
श्री विद्यासागर गुरुदेवा, तव पूजन कर हर्षाया।
तुम जैसी शांति पाने मैं, शरण तिहारी हूँ आया।।1।।

ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं....।

परभावों के महाताप में, झुलस गया अति दुख पाया।
तुम सम शीतल समता पाने, चंदन सा बनने आया।।श्री ...।।2।।

ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय भवातापविनाशनाय चंदनं....।

क्षणभंगुर इन्द्रिय सुख में ही, जीवन व्यर्थ गंवाया है।
अक्षय पद के लिये चरण में, अक्षत पुंज चढ़ाया है ।।श्री...।।3।।

ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्....।

कामदेव ने बाण चलाया, गुरु कृपा से बच पाया।
महाशील शीलेश्वर बनने, आप चरण में हूँ आया।।श्री...।।4।।

ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं ...।

महाभयानक क्षुधा रोग ने, काल अनादि तड़पाया।
कुशल वैद्य गुरु के चरणों में, औषध पाने हूँ आया।।श्री...।।5।।

ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं ...।

एक तुम्हीं आधार हो स्वामी, मोह महातम नाश करो।
दूर करो अज्ञान हमारे, मन मंदिर में वास करो।।श्री...।।6।।

ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं ...।

ध्यान अग्नि में धूप डालकर,अष्ट कर्म का नाश करूँ।
शुक्लध्यान की प्राप्ति हेतु मैं,गुरु चरणों में वास करूँ।।
श्री विद्यासागर गुरुदेवा, तव पूजन कर हर्षाया।
तुम जैसी शांति पाने मैं, शरण तिहारी हूँ आया।।7।।
ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं ...।
कर्म फलों से पीड़ित होकर, मुक्ति फल पाने आया।
सिद्ध स्व पद पाने यतिवर मैं, पाऊँ गुरु कृपा छाया।।श्री...।।8।।
ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं ...।
उपकारी पद आचारज का,अर्घ्य बना क्या चरण धरूँ।
भाव सहित स्वयमेव चरण में, मन वच तन से नमन करूँ।।श्री...।।9।।
ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं ...।

## जयमाला

-:: दोहा ::-

गुरुवर हैं चिंतामणि, चिच्चेतन भगवान।
जयमाला चरणन धरूँ, शत-शत करूँ प्रणाम।।1।।

(चौपाई)

जयवंतों गुरूदेव हमारे, हैं अनंत उपकार तुम्हारे।
जिनशासन के आप सितारे, जग में रहते जग से न्यारे।।2।।
ग्राम सदलगा जन्म लिया है, माँ श्रीमति को धन्य किया है।
विद्यासागर नाम तिहारा, बाल वृद्ध को लगता प्यारा।।3।।
तप्त स्वर्ण सम तन है न्यारा, दर्शन से मिटता संसारा।
सन् अड़सठ में दीक्षा पाई, सब परिवार बना शिवराही।।4।।
धन्य हुई अजमेर नगरियाँ, खिली त्याग संयम की कलियाँ।
छत्तीस घंटे ध्यान किये हैं, निज आतम रसपान किये हैं।।5।।
समयसार मय जीवन सारा, सांकेतिक मृदुवाणी धारा।
दृढ़ता से संयम को पाले, जिन आगम के हैं रखवाले।।6।।

परमेष्ठी आचार्य कहाते, ज्ञान सरोवर मुक्ता पाते।
दीक्षा के आधार हमारे, ज्ञान के पारावार सहारे।।7।।
तीन गुप्ति द्वादश तप धारे, क्षमा आदि दश धर्म संवारे।
पंचाचार आचरण पाले, षट् आवश्यक पालनहारे।।8।।
हैं छत्तीस गुणों के धारी, सारा जग पद में बलिहारी।
पद से अति निस्पृह रहते हैं, जो करते हैं वह कहते हैं।।9।।
गुरू कृपा के पंख जो पाते, साधक ध्यान गगन में जाते।
गुरुवर ही तकदीर संवारे, हारे को बन जाए सहारे।।10।।
घर-घर गुरु ने व्रती बनाये, ज्ञान सिंधु का पथ दिखलाये।
गुरुवर हैं सबसे निर्मोही, नहीं आप सम साधक कोई।।11।।
शांत क्षेत्र में तुम रहते हो, निज आतम अनुभव करते हो।
गुरु के सन्मुख सूरज फीका, लगता है चंदा भी नीचा।।12।।
गुरू शरण में जो भी आता, उसको ना दुर्भाग्य सताता।
पंचम गति के आप सहारे, पंच परावर्तन से तारे।।13।।
दुर्लभ वस्तु सुलभ हो जाती, गुरू कृपा जब रंग दिखाती।
हम धरते हैं ध्यान तिहारा, जानो सब मंतव्य हमारा।।14।।
स्वर्ग सुखों की चाह नहीं है, भव दुख की परवाह नहीं है।
मात्र मुक्ति का दर्शन चाहूँ, भव वन में फिर कभी न आऊँ।।15।।
सारे वन की कलम बना दूँ, कागज सारी धरा बना दूँ।
सर्व समंदर स्याही घोलूँ, 'पूर्ण' गुणों को कैसे बोलूँ।।16।।

-:: दोहा ::-

गुरुवर की महिमा अगम, सुरगुरु लहे न पार।
अल्पमति कैसे कहे, करो गुरू उद्धार।।17।।

ॐ ह्रीं आचार्य श्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं ....।

-:: घत्ता ::-

जय-जय श्रीगुरुवर, ज्ञान सरोवर, शिवसुख का भंडार भरें।
यह पुष्प समर्पण, जीवन अर्पण, 'विद्यासागर पूर्ण' करें।।

।। इत्याशीर्वादः।।

## "आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की अमृतवाणी"

- जिन और जन में इतना ही अंतर है कि एक वैभव के ऊपर बैठा है और एक के ऊपर वैभव बैठा है।
- श्रद्धा जब गहराती है तब वही समर्पण बन जाती है।
- मांगने से नहीं किंतु अधिकार श्रद्धा से मिलते हैं।
- जब तक हमारा संबंध भगवान से तभी तक हम भक्त कहलाने के अधिकारी हैं।
- विचारों का मूल्य होता है मात्र शब्दों का नहीं।
- शिक्षा वही श्रेष्ठ है, जो जन्म-मरण का क्षय करती है।

-: आत्म पुरुषार्थ :-

- अपने आपको जानो, अपने को पहचानो, अपनी सुरक्षा करो क्योंकि अपने में ही सब कुछ है।
- स्व की ओर मुड़ना ही सही पुरुषार्थ है।
- शरीर के प्रति वैराग्य और जगत के प्रति संवेग ये दोनों ही बातें आत्म कल्याण के लिये अनिवार्य है।
- अपने उपयोग का उपयोग, पर की चिंता में न करें।

-: भक्ति स्तुति :-

- पंच परमेष्ठी की भक्ति एवं ध्यान से विशुद्धि बढ़ेगी, संक्लेश घटेगा, वात्सल्य बढ़ेगा।

-: भक्ति महिमा :-

- भक्ति गंगा की लहर हृदय के भीतर से प्रवाहित होना चाहिए और पहुँचना चाहिए वहाँ जहाँ निस्सीमता हो।

-: मौन :-

- जो व्यक्ति वाणी को नियन्त्रित नहीं कर सकता है वह साधना नहीं कर सकता है।
- वे महान हैं जो मुख से एक शब्द निकालने में आगे पीछे विचार करते हैं।


जय जिनेंद्र
श्री
शुद्ध घी
देशी गाय का शुद्ध घी
शुद्धता पूर्वक बनाया गया देशी घी
साधु व्रती एवं धार्मिक अनुष्ठानों को ध्यान
में रखकर बनाया गया शुद्ध देशी घी
पहले इस्तेमाल करें फिर विश्वास करें
संपर्क सूत्र
CONTACT FOR ORDER
CALL AND WHATSAPP
9993602663
7722983010

